Social Justice Union

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, रविवार 17 फरवरी 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-139

## बस्तरवासियों से मेरा राजनीतिक नहीं प्रेम-विश्वास का रिश्ता : राहुल गांधी

**0-केन्द्र सरकार पर साधा जोरदार निशाना 0-कांग्रेस जो कहती है करके दिखाती है 0-केन्द्र में सरकार बनी तो गरीबों को मिलेगा न्यूनतम आय**

रायपुर (आरएनएस)। मेरा बस्तर से, बस्तरवासियों से पुराना रिश्ता है, यह रिश्ता मेरे परिवार से जुड़ा है। यह कोई राजनीतिक रिश्ता नहीं बल्कि प्रेम और विश्वास का रिश्ता है। आप सभी के लिए मेरे घर का दरवाजा हमेशा खुला है, आप सुझाव दें, मैं उस पर अमल करुंगा। मैं आप लोगों से सच्चाई का रिश्ता रखना चाहता हूं। आप लोगों ने मेरा साथ दिया, इसके लिए दिल से धन्यवाद।

उक्त बातें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज धुरागांव-बस्तर में एक आमसभा को संबोधित करते हुए कही। लोहंडीगुड़ा में टाटा स्टील प्लांट के लिए अधिग्रहित की गई आदिवासियों की जमीनें वापस करने और पट्टा वितरण करने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित



करते हुए राहुल गांधी ने सबसे पहले जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में शहीद हुए जवानों को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने कहा कि इसके पूर्व जब वे बस्तर आए थे तो बस्तवासियों से उन्होंने 2-3 मुख्य वायदे किए थे। इसमें से एक अधिग्रहित की गई जमीनें वापस करने का था, जो आज पूरा हो गया। उन्होंने कहा कि देश का नियम कहता है कि यदि किसी उद्योग के लिए जमीन ली जा रही है तो उसके लिए जमीन मालिक की अनुमति अनिवार्य है, अनुमति मिलने पर उन्हें बाजार मूल्य से 4 गुना अधिक दाम दिया जाएगा और यदि 5 साल में काम शुरू नहीं हुआ तो नियमानुसार उनकी जमीनें वापस कर दी जाएंगी। ऐसा क्या कारण था कि राज्य में भाजपा की सरकार 15 साल तक रही लेकिन उन्हें आदिवासियों की जमीनें वापस करने का ध्यान नहीं आया। कांग्रेस की सरकार बनते ही सबसे पहले हमने यही काम किया। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य में धान खरीदी और धान का समर्थन मूल्य देने का वायदा भी राज्य की कांग्रेस सरकार ने पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि देश का कानून सबके लिए एक है। कानून सिर्फ उद्योगपतियों के लिए या अमीर लोगों के लिए नहीं बनता। कानून हिंदुस्तान के सभी नागरिकों के लिए बनता है चाहे वह आदिवासी हो, मजदूर हो या बिजनेसमेन हो। गांधी ने कहा कि मुझे खुशी है कि बस्तर में यह ऐतिहासिक काम कांग्रेस ने कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जिसने आदिवासियों को उनकी जमीनें वापस कर पुनः मालिकाना हक दिया है। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन आदिवासियों का है, जंगल में जो भी उपज होता है तो उसका फायदा भी वनवासियों को ही मिलना चाहिए। इसी क्रम में अब तेंदूपत्ता संग्राहकों को प्रति बोरा मानक मूल्य 4000 रूपए दिया जाएगा। गांधी ने पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसी क्या वजह थी कि जब भी राज्य की भाजपा सरकार से पूछा जाता था कि किसानों को उनकी जमीनें कब वापस मिलेगी, समर्थन मूल्य कब मिलेगा? तो उनके पास जवाब नहीं होता था। रमन सिंह की सरकार कहती थी कि राज्य सरकार के पास इतना पैसा नहीं है? यही जवाब केन्द्र में मोदी सरकार भी देती आ रही है कि किसानों के लिए इतना पैसा नहीं है। जबकि सच्चाई यह है कि राज्य सरकार और केन्द्र सरकार दोनों के पास पैसों की कोई कमी नहीं है। गांधी ने कहा कि 15 साल राज्य की सत्ता में रहने के बाद भी रमन सिंह की सरकार ने किसानों का ध्यान नहीं रखा, लेकिन कांग्रेस की सरकार बनते ही सबसे पहला काम यही किया गया कि किसानों की उन्नति और उनकी प्रगति के लिए काम किया गया। कर्जा माफी, धान का समर्थन मूल्य, तेंदूपत्ता मानक बोरा की कीमत बढ़ाना, आदिवासियों, किसानों को उनकी जमीनें वापस करना इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस जो कहती है वो करके दिखाती भी है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### हरी झंडी दिखाए जाने के एक दिन बाद वंदे भारत एक्सप्रेस में आई दिक्कत

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरी झंडी दिखाए जाने के एक दिन बाद भारत की पहली सेमी-हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस में शनिवार तड़के कुछ परेशानी आ गई। अधिकारियों ने बताया कि यह ''पहियों के फिसलने'' का मामला है जिसे इंजीनियर ठीक कर रहे हैं। यह घटना उत्तर प्रदेश में टूंडला जंक्शन से करीब 15 किलोमीटर दूर हुई। ट्रेन 17 फरवरी को पहले व्यावसायिक फेरे के लिए तैयार होने के वास्ते वाराणसी से लौट रही थी। उत्तरी रेलवे के सीपीआरओ दीपक कुमार ने कहा, ''यह मवेशी सामने आने का मामला है जिसकी वजह से पहिए फिसलने की दिक्कत आई। इंजीनियर इसे ठीक कर रहे हैं।'' अधिकारियों ने बताया कि अवरोध हटाने के बाद ट्रेन ने सुबह करीब सवा आठ बजे फिर से दिल्ली की यात्रा शुरू की। रेल मंत्री पीयूष गोयल ने हाल ही में ट्रेन 18 को वंदे भारत एक्सप्रेस का नाम दिया है। चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री ने इसका निर्माण किया है।

### सुषमा तीन देशों की यात्रा के लिए रवाना

नई दिल्ली (आरएनएस)। विदेश मंत्री सुषमा स्वराज शनिवार को तीन देशों बुल्गारिया, मोरक्को और स्पेन की यात्रा के लिए रवाना हो गयीं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने ट्वीट किया, सहयोगी देशों के साथ संबद्धता को जारी रखते हुए विदेश मंत्री सुषमा स्वराज तीन देशों बुल्गारिया, मोरक्को और स्पेन की तीन दिवसीय यात्रा के लिए रवाना हो गयीं। स्पेन की सरकार भारतीय विदेश मंत्री को यात्रा के दौरान 'ग्रांड क्रॉस ऑफ द आर्डर ऑफ सिविल मैरिट' पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रवक्ता ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा था कि नेपाल में वर्ष 2015 में आये भयंकर भूकंप में फंसे स्पेन के 71 नागरिकों को ऑपरेशन मैत्री के तहत सुरक्षित निकालने के लिए स्पेन सरकार श्रीमती स्वराज को इस पुरस्कार से सम्मानित करेगी।

### भारत को आत्मरक्षा का पूरा अधिकार, साथ खड़ा है यूएस

वाशिंगटन (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर हुए आतंकी हमले को लेकर अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने संवेदनाएं व्यक्त की हैं. उन्होंने अपने भारतीय समकक्ष अजीत डोवाल से फोन पर बातचीत में कहा कि आतंकवाद का मुकाबला करने में अमेरिका भारत के साथ खड़ा है. प्राप्त जानकारी के मुताबिक, बोल्टन ने शुक्रवार सुबह एनएसए डोभाल से फोन पर बातचीत कर हमले में शहीद हुए जवानों के प्रति दुख जाहिर किया और आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई भारत के साथ खड़े रहने और दोषियों को इसकी सजा देने का आश्वासन दिया. बोल्टन ने बताया, भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार से शुक्रवार को 2 बार बातचीत हुई. मैंने आज डोभाल से कहा कि हम भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करते हैं. बोल्टन ने साथ ही कहा, आतंकवाद के मुद्दे पर हमारी राय बिल्कुल साफ है और हम पाकिस्तान के साथ भी संवाद कर रहे हैं.

### गोलीबारी से दहला अमेरिका, 5 लोगों की मौत

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिकी के राज्य इलिनोइस के एक कारखाने में गोलीबारी में संदिग्ध बंदूकधारी समेत पांच लोगों की मौत हो गयी। औरोरा पुलिस विभाग की प्रमुख क्रिस्टन जिमन ने यह जानकारी दी। सुश्री जिमान ने शुक्रवार बताया कि, 00घटनास्थल पर मौजूद अन्य अधिकारियों ने इमारत के अंदर गोलीबारी में मारे गये लोगों को निकाला। हमने पांच लोगों के मारे जाने की पुष्ट की है।00 उन्होंने कहा कि संदिग्ध बंदूकधारी 45 वर्षीय गैरी मार्टिन जो कथित रूप से सहकर्मियों के खिलाफ गोलियां चलाई, पुलिस के साथ गोलीबारी में मारा गया।

## गृहमंत्री की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक पर 3 सूत्रीय प्रस्ताव पारित

नई दिल्ली (आरएनएस)। केन्द्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में आज दिल्ली में हुई सर्वदलीय बैठक में नेताओं को पुलवामा हमले के बारे में जानकारी दी गई। बैठक के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने कहा कि पूरा विपक्ष इस मामले में अपनी सेना और सरकार के साथ मजबूती के साथ खड़ा है। वहीं, बैठक की जानकारी देते हुए संसदीय कार्य मंत्री नरेंद्र तोमर ने कहा कि कश्मीर की आम जनता राज्य में अमन चाहती है, वह देश के साथ



खड़ी है। राज्य में कुछ ऐसे तत्व हैं, जो सीमा पार से समर्थित आतंकियों की मदद करते हैं, ऐसे लोग कश्मीर के दुश्मन हैं। वे कश्मीर में अमन चैन नहीं चाहते हैं। देश आतंक के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रहा है। जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। बैठक में गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हम सब एकजुट होकर आतंकवाद को उखाड़ फेंकेंगे।

जम्मू-कश्मीर में अमन चैन पूरी तरह से बहाल होगा। अल्प सूचना पर दलों के नेता आए, इसका गृह मंत्री ने आभार जताया। सभी दलों के नेताओं ने मौन रखकर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी।

**कांग्रेस समेत विपक्ष सरकार के साथ-** वहीं, कांग्रेस के नेता आजाद ने कहा, हम देश की एकता, अखंडता के लिए सरकार और सुरक्षा बलों के साथ हैं।

## पुलवामा हमले के गुनहगारों को सजा जरूर मिलेगी:मोदी

**शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा**



यवतमाल (आरएनएस)। महाराष्ट्र के यवतमाल शहर में कई विकास कार्यक्रमों की आधारशिला रखने के लिए आयोजित रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक बार फिर पुलवामा हमले का जिक्र कर देशवासियों को आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि मैंने कल भी कहा है और आज भी दोहरा रहा हूं। पुलवामा के शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। पीएम ने कहा, आतंकी संगठनों ने, आतंक के सरपरस्तों ने जो गुनाह किया है, वे चाहे जितना छिपने की कोशिश करें उन्हें सजा जरूर दी जाएगी।

रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि हम अपने सुरक्षाबलों के पराक्रम पर गर्व और भरोसा करते हैं। सैनिकों में और विशेषकर सीआरपीएफ में जो गुस्सा है, वो भी देश समझ रहा है और इसीलिए सुरक्षाबलों को खुली छूट दे दी गई है।

## नालासोपारा में लोकल ट्रेन रोक ट्रैक पर प्रदर्शन



मुंबई (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा हमले के बाद देशभर में लोग आक्रोशित हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों में प्रदर्शनों से लेकर शांति मार्च तक जारी हैं। जम्मू में शुक्रवार से ही आक्रामक प्रदर्शन जारी हैं। वहीं, मुंबई में शनिवार सुबह गुस्साई भीड़ ने नालासोपारा में रेलवे ट्रैक्स को रोक ब्लॉक कर दिया। प्रदर्शनकारी पाकिस्तान और आतंकवादियों के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। इससे उस रूट की ट्रेनों पर असर पड़ा। हालांकि, कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैक्स को खाली करा लिया गया। वहीं, शहर में ज्यादातर लोगों ने घटना के विरोध में अपनी दुकानें बंद कर रखी हैं।

**ट्रैक से हटाने की कोशिश**

गवर्नमेंट रेलवे पुलिस और रेलवे प्रटेक्शन फोर्स प्रदर्शनकारियों ने ट्रैक खाली कराए। इससे पहले कई सबअर्बन ट्रेन्स को कैंसल कर दिया गया जबकि लंबी दूरी की ट्रेनें दो घंटे की देरी से चल रही हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रेलवे प्रवक्ता ने बताया था, नालासोपारा में ट्रैक्स पर प्रदर्शनकारियों के कारण पश्चिम रेलवे की ट्रेनें चर्चगेट से वसई रोड के बीच ही चल ही रही हैं।

**करना पड़ सकता है बल का प्रयोग -** पश्चिम रेलवे के मुख्य प्रवक्ता रविंदर कुमार ने लोगों ने ट्रेनें न रोकने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि ऐसा करने से मुंबई की लाइफलाइन पर बहुत बुरा असर पड़ेगा।

## जम्मू में भड़की हिंसा, सांप्रदायिक दंगे की आशंका के चलते लगा कर्फ्यू



श्रीनगर (आरएनएस)। पुलवामा में हुए आतंकी हमले के बाद जम्मू में भड़की हिंसा के कारण कर्फ्यू लगा दिया गया है. हिंसा में 12 लोग घायल हो गए और दर्जनों से ज्यादा वाहनों पर हमला करते हुए भीड़ ने बंद का ऐलान कर दिया. ये हिंसा पुलवामा में हुए आतंकी हमले के बाद हुई, जिसमें 40 जवान शहीद हो गए थे.

जम्मू में इस स्थिति को काबू में करने के लिए और लॉ एंड ऑर्डर को बनाए रखने के लिए सेना की मदद ली गई है. अधिकारियों ने बताया कि सेना ने लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति बनाए रखने में प्रशासन की मदद करने का अनुरोध किया. साथ ही फ्लैग मार्च किया.

अधिकारियों का कहना है कि साम्प्रदायिक हिंसा की आशंका के चलते कर्फ्यू लगाया गया है. लाउडस्पीकर के जरिए कर्फ्यू लागू होने की घोषणा के बाद भी प्रदर्शनकारी लौटे नहीं, वहीं पुराने शहर में भी भीड़ देखी गई. जम्मू के पुलिस उपायुक्त रमेश कुमार ने कहा, हमने एहतियाती कदम के तौर पर जम्मू शहर में कर्फ्यू लागू कर दिया है.

अधिकारियों के मुताबिक जम्मू शहर पूरी तरह बंद है और सड़कों पर कोई वाहन नहीं है. सभी दुकानें और बाजार बंद हैं. जम्मू शहर में ज्यूल चौक, पुरानी मंडी, रेहारी, शक्तिनगर, पक्का डंगा, जानीपुर, गांधीनगर और बक्शीनगर समेत दर्जनों स्थानों पर लोगों ने पाकिस्तान के विरोध में सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किए.

रिपोर्ट्स के मुताबिक गुज्जर नगर इलाके में झड़पें हुई और पथराव के कारण कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हुए. हालांकि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बड़ी झड़प होने से रोक दी. पाकिस्तान विरोधी आतंकवादी विरोधी नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने कई सड़कों पर टायर फूंके. प्रदर्शनकारियों ने बदले की मांग करते हुए सड़कों को जाम कर दिया।

## राजधानी में धुंध भरी सुबह, 13 ट्रेनें लेट

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार सुबह धुंधभरी रही और आसमान में बादल छाए रहे। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो मौसम के औसत तापमान से दो डिग्री ज्यादा है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने कहा, आसमान में दिन भर आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

अधिकतम तापमान 19 डिग्री के आसपास रहेगा। सुबह 8.30 बजे आर्द्रता 93 फीसदी दर्ज की गई वहीं दृश्यता 600 मीटर रही। भारतीय रेलवे ने कहा कि दिल्ली आने वाली लगभग 13 ट्रेनें उत्तर भारत के कई भागों में कोहरे और



कम दृश्यता के कारण देरी से चल रही हैं। वायु गुणवत्ता और मौसम पूर्वानुमान प्रणाली के अनुसार, शहर की वायु गुणवत्ता खराब स्तर पर दर्ज की गई और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 225 रहा। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान औसत से दो डिग्री कम 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो औसत तापमान से एक डिग्री ज्यादा है।

## चेकर ने लगाए पाक जिन्दाबाद के नारे, गिरफ्तार

पुणे (आरएनएस)। महाराष्ट्र स्थित पुणे में रेलवे के एक कर्मचारी को पाकिस्तान समर्थित नारे लगाने के आरोप में गिरफ्तार कर निलंबित कर दिया गया. मिली जानाकारी के अनुसार यहां लोनावला स्थित 39 वर्षीय उपेंद्र कुमार वीर बहादुर सिंह ने पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाये. इस दौरान कुछ स्थानीय लोग पुलवामा फिदायीन हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दे रहे थे. उपेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया और फिर सेवा से निलंबित कर दिया गया.

मिली जानकारी के अनुसार उपेंद्र के खिलाफ आईपीसी की 153बी के तहत गिरफ्तार किया गया. बताया गया कि शुक्रवार को कुछ लोग लोनावला स्थित शिवाजी चौक पर सीआरपीएफ के जवानों को श्रद्धांजलि देने केलिए आये थे. तभी वहां उपेंद्र पहुंचा और वह पाकिस्तान जिन्दाबाद के नारे लगाये. इस पर लोग भड़क गये और उसे पीटने की कोशिश की. तभी मौके पर पुलिस पहुंच गयी और उसे हिरासत में ले लिया गया. उपेंद्र 18 फरवरी तक पुलिस हिरासत में रहेगा.



इससे पहले उत्तर प्रदेश स्थित अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के बीएससी के छात्र ने एक विवादित ट्वीट किया. कश्मीरी छात्र बसीम हिलाल ने हमले की जिम्मेदारी लेने वाले आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के समर्थन में ट्वीट किया. इस विवादित ट्वीट में उसने आतंकी हमले का समर्थन करते हुआ लिखा हाउ इज द जैश?, ग्रेट सर.

बसीम हिलाल के इस ट्वीट के वायरल होते ही यूपी पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई. इसके बाद शुक्रवार को पुलिस ने उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 153 ए, और आईटी एक्ट की धारा 67 ए के तहत केस दर्ज कर लिया है. साथ ही यूनिवर्सिटी ने छात्र को निलंबित भी कर दिया है।

## भाजपा सांसदों ने दिलाई सर्जिकल स्ट्राइक की याद, दबाव में सरकार

नई दिल्ली (आरएनएस)। पुलवामा आतंकी हमले को लेकर नाराजगी से जूझ रही भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार पर अपनी ही पार्टी के सांसद पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने पर दबाव डाल रहे हैं।

लोकसभा चुनाव से पहले हमले हुए हैं इसलिए उत्तर प्रदेश के भाजपा सांसदों ने पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक की याद दिलाई है जिससे पूरी दुनिया को यह संकेत मिला था कि भारत अब पठानकोट और उरी जैसे हमलों पर चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने मोदी सरकार से सितंबर 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक की तरह



सीमापार आतंकियों पर हमले कर पाकिस्तान को सबक सिखाने की उम्मीद कर रहे हैं।

भारत में पिछली बार 18 सितंबर 2016 को बड़ा आतंकी हमला हुआ था जबकि आतंकियों ने उरी में भारतीय सेना के शिविर पर धावा बोलकर 20 सैनिकों की हत्या कर दी थी। भारत ने इस घटना के 10 दिन बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में सीमा के पास स्थित संदिग्ध आतंकी शिविरों पर सर्जिकल स्ट्राइक करके उसका जवाब दिया था। उत्तर प्रदेश से आने वाले कई भाजपा सांसदों ने सर्जिकल स्ट्राइक को याद करते हुए कहा कि सरकार को उचित कार्रवाइ करनी चाहिए।

बरेली से सांसद केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि एक बार फिर पाकिस्तान का चरित्र उजाकर हो गया है। उन्होंने कहा, हम आने वाले दिनों में निश्चित रूप से कुछ बड़ा कदम उठाएंगे। सीआरपीएफ के शहीद जवानों के परिवारों के लिए मेरी सहानुभूति। ऐसा लगता है कि पाकिस्तान समझने को तैयार नहीं है। हमारे जवानों की शहादत बेकार नहीं जाएगी। हम क्षति की भरपाई नहीं कर सकते हैं, लेकिन जरूरी कार्रवाई अवश्य करेंगे।

मेरठ से सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने हमले को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि सरकार सभी विकल्पों पर विचार करेगी। उन्होंने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। लगता है कि सुरक्षा की चूक हुई जैसा कि जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल (सत्यपाल मलिक) ने भी कहा है। सुरक्षा मामले की मंत्रिमंडलीय समिति की आज बैठक हुई है।

### न्यूयॉर्क के एक मकान में आग लगने से पांच लोगों की मौत

वॉटरटाउन (अमेरिका) (आरएनएस)। अमेरिका के उत्तरी न्यूयॉर्क में शुक्रवार को एक मकान में आग लगने से पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक व्यक्ति और उसकी चार बेटियां शामिल हैं। बेटियों की उम्र 4 से 14 साल के बीच बताई जा रही है। जांचकर्ताओं के मुताबिक घटना बृहस्पतिवार देर रात करीब डेढ़ बजे मकान के रसोई में आग लगने से हुई। मृतकों की पहचान एरन बोडा और उनकी बेटियों स्काईलर, एरिन, एलेक्सा और मेरिसा के रूप में हुई है।